अनुसूची – 14 – फारम सं0 – 563

उपायुक्त–सह जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, गुमला

आदेश – फलक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1942 का नियम – 129)

शांति देवी वगै0
बनाम
सुरेश दास

आदेश फलक तारीख.....से.....तक। जिला – गुमला

वाद सं0 :–**36 / 2007**

वाद का प्रकार :– रेभेन्यु रिवीजन (Revenu Revision)

अपीलार्थीगण द्वारा शांति देवी पति–स्व0 भीम सिंह (2) बुधनी देवी पति स्व0 उर्फ ननकु सिंह साकिन बड़ाईक मुहल्ला थाना वो जिला– गुमला द्वारा उप–समाहर्त्ता भूमि सुधार, गुमला द्वारा वाद सं0 – 18 / 1985–86 में दिनांक – 09.12.2006 को पारित आदेश से विक्षुब्ध होकर अधोहस्ताक्षरी न्यायालय में अपील किया गया है।

अपीलार्थी का कहना है प्रश्नगत भूमि मौजा– गुमला के खाता संख्या–43 प्लॉट संख्या 953 से संबंधित है। प्रश्नगत भूमि के बंटवारा हेतु सब–जज गुमला के न्यायालय में पार्टीशन सुट केस नं0 14 / 2002 दाखिल किया गया है। जिसमें विपक्षी रीक्षनाथ सिंह वगैरह हैं। उक्त वाद से स्पष्ट है कि प्रश्नगत भूमि का बंटवारा कभी भी संबंधित पक्षों से नहीं हुआ है। अपीलार्थी का यह भी कथन है कि यदि रामू सिंह के द्वारा कोई दान संपति देवी के पक्ष में किया गया तो वह Void है। निम्न अपीलीय न्यायालय द्वारा प्रश्नगत भूमि पर विभिन्न केताओं के दखल कब्जा और उसको चुनौती नहीं दिये जाने के कारण कागजी विवाद मानते हुए अंचल अधिकारी के आदेश को बहाल करते हुए अपील अस्वीकृत किया गया है।

अपीलार्थी के विज्ञ अधिवक्ता के द्वारा निम्न न्यायालय के द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए रिभीजन वाद को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है।

उत्तरवादी का पक्ष :–

उत्तरवादी द्वारा लगातार अनुपस्थित रहने का कारण उनके पक्ष को नहीं सुना गया।

अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ताआ का तर्क एवं निम्न न्यायालय के अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्रश्नगत भूमि का नामान्तरण वक्शीशनामा दस्तावेज संख्या 522 / 27.02.86 से संपति देवी के नाम हो चुका है और उनके द्वारा प्रश्नगत भूमि को विभिन्न व्यक्तियों को हस्तातंरण किया जा चुका है तथ केतागण खरीदगी जमीन को अपने नाम से नामान्तरण कराकर दखल कब्जा में है।

अतः निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश को यथावत रखते हुए रिवीजन वाद को अस्वीकृत किया जाता है ।

आदेश की प्रति निम्न न्यायालय के मूल अभिलेख के साथ संबंधित अंचल अधिकारी को भी दें।

Digitally signed by SUSHANT GAURAV
Date: 2022.11.04 16:51:15 +05:30
Location: 192.168.5.104

03.10.22
उपायुक्त,
गुमला

लेखापित एवं संशोधित

03.10.22
उपायुक्त,
गुमला